देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 237 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**सावरकर की माफी को लेकर विवाद क्यों



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 25 दिसंबर 2021



मौसम अधिकतम 16.0° न्यूनतम 7.0° | 39243.39 | 2 खचाखच भरी नाव में लगी आग | 7 हरभजन सिंह ने क्रिकेट को कहा अलविदा

# ओमिक्रॉन पर सरकार की पैनी नजर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश और दुनिया में बढ़ रहे कोरोना वायरस और इसके नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर सरकार ने एक बार फिर आगाह किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने आज कहा कि दुनिया में कोरोना का चौथा उछाल देखा जा रहा है और कुल मिलाकर संक्रमण दर 6.1 फीसदी है। इसलिए, हमें सतर्क रहना होगा और हम ढिलाई बर्दाश्त नहीं कर सकते। वहीं, आईसीएमआर ने कहा कि देश में अभी डेल्टा का असर अधिक है।

**एशिया में कोविड मामले लगातार घट रहे हैं:** राजेश भूषण ने कहा कि एशिया में कोविड मामले अभी भी लगातार घट रहे हैं। भारत में पिछले दो सप्ताह से प्रतिदिन नए मामले लगभग 7000 हैं। भारत में भी कोविड मामले लगातार घट रहे हैं। विश्व में संक्रमण दर 6 फीसदी से ज्यादा है जबकि भारत में 5.3 फीसदी है। पिछले दो सप्ताह में भारत में यह 0.6 फीसदी है। देश में 20 जिले ऐसे हैं जहां संक्रमण दर 5–10 फीसदी है जबकि दो जिले ऐसे हैं जहां संक्रमण दर 10 फीसदी से ज्यादा है। ये दो जिले मिजोरम में हैं। इस समय सबसे अधिक सक्रिय मामलों वाले शीर्ष पांच राज्य केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक हैं।

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा– देश में अभी भी डेल्टा का असर

**अभी भी डेल्टा का असर**

आईसीएमआर के डीजी डॉ. बलराम भार्गव ने कहा कि हाल ही में पहचाने गए वायरसों सहित भारत में अभी डेल्टा का असर ही अधिक है। इसलिए, हमें कोविड उपयुक्त व्यवहार और टीकाकरण को बढ़ाने की रणनीति जारी रखने की आवश्यकता है।



### यूरोप, उत्तरी अमेरिका और अफ्रीका में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा, यूरोप, उत्तरी अमेरिका और अफ्रीका में सप्ताह–दर–सप्ताह कोविड19 मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। एशिया में अभी भी सप्ताह–दर–सप्ताह मामलों में गिरावट देखी जा रही है। दुनिया में कोविड 19 मामले फिर से पीक छू रहे हैं। 23 दिसंबर को पूरे विश्व में एक दिन में 9,64,000 मामले दर्ज किए गए हैं। यूरोप, अफ्रीका और उत्तरी अमेरिका में लगातार कोविड 19 मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

**89 फीसदी वयस्क आबादी को पहली खुराक मिलीः** स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने 21 दिसंबर को राज्यों को पहले से ही सलाह दी थी कि वे रात में कर्फ्यू, बड़े समारोहों को नियंत्रित करने जैसे प्रतिबंध लागू करें। बिस्तर क्षमता और अन्य लॉजिस्टिक्स में वृद्धि और कोविड उपयुक्त व्यवहार का सख्ती से पालन किया जाए। 89 फीसदी वयस्क आबादी को पहली खुराक मिली है और 61 फीसदी योग्य आबादी को कोविड 19 टीके की दूसरी खुराक मिली है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इस स्थिति को बहुत स्पष्ट रूप से स्पष्ट किया है कि हम अतिरिक्त खुराक की आवश्यकता और समय और टीकाकरण की आयु कम करने के बारे में निर्णय लेने पर विज्ञान और वैज्ञानिक साक्ष्य के साथ शासित होंगे। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास 18,10,083 आइसोलेशन बेड, 4,94,314 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड, 1,39,300 आसीयू बेड, 24,057 पीडियाट्रिक आसीयू बेड और 64,796 पीडियाट्रिक नॉन–आईसीयू बेड राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध हैं।

गौरतलब है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार भारत में 6,650 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए हैं।

### देश में 358 ओमिक्र०न के मामले दर्ज

राजेश भूषण ने कहा कि इस समय देश के 17 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में 358 ओमिक्रॉन के मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 114 लोग ठीक हो चुके हैं। 183 ओमिक्रॉन मामलों का विश्लेषण किया गया है जिसमें से 121 ने विदेश की यात्रा की थी, 44 विदेश नहीं गए थे लेकिन ज्यादातर के कॉन्टैक्ट ने विदेश यात्रा की थी। 183 में से 87 लोगों ने कोविड की दोनों डोज ली थी। डब्ल्यूएचओ ने 7 दिसंबर को कहा कि डेल्टा के मुकाबले ओमिक्रॉन अधिक संक्रामक है। 5–3 दिनों के भीतर इसके मामले दोगुने हो जाते हैं, इसलिए हमें सतर्क रहना होगा। राजेश भूषण ने कहा कि जो उपचार कोविड–19 और डेल्टा के लिए अपनाए जाते हैं, ओमिक्रॉन पर भी वही लागू होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी विश्व के महानतम राजनेताओं में से थे, उनके लिए राष्ट्रहित ही सर्वोपरि था। वे अपनी दूरगामी सोच के लिए भी जाने जाते थे। उन्होंने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी वक्ता के रूप में अद्वितीय थे।

### सगी बहन को भाइयों ने उतारा मौत के घाट

**संवाददाता** देहरादून। बहन को दूसरी जाति के युवक से प्यार हुआ तो उसके नाराज भाइयों ने युवती को बिहार से दून लाकर मौत के घाट उतार दिया। मामले में पुलिस ने युवती के दो सगे भाई और भाभी को गिरफ्तार कर लिया है। 13 अक्टूबर को रायपुर में ग्राम सौडा सरौली के जंगलों में एक शव पड़ा हुआ मिला था।

# हरीश रावत के लिए अपशब्द कहने पर कांग्रेस भवन में हंगामा

## मामले में संलिप्त लोगों पर की जाएगी कार्रवाई

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के ट्वीट के बाद शुक्रवार को जहां एक ओर कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय सभी बड़े नेता दिल्ली में राहुल गांधी के घर पर मौजूद रहे तो वहीं देहरादून कार्यालय में गुटबाजी के चलते कार्यकर्ता आपस में ही लड़ पड़े। कांग्रेस पार्टी के भीतर मची उथल–उपुथ थमने का नाम नहीं ले रही है। जिस वक्त दिल्ली में कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय नेता हाईकमान के साथ सुलह की टेबल पर बैठे थे, ठीक उसी वक्त प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के बीच लात–घूंसे चल रहे थे।

जानाकरी के मुताबिक शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश महामंत्री राजेंद्र शाह पर एक गुट के कार्यकर्ताओं ने गाली–गलौच करते हुए हमला कर दिया।

इस बीच पार्टी संगठन महामंत्री मथुरादत्त जोशी और दूसरे कार्यकर्ताओं ने बीच–बचाव किया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें कुछ लोग शाह पर पूर्व सीएम हरीश रावत को अपशब्द कहने का आरोप लगा रहे हैं। घटना के बाद कांग्रेस भवन में ही मीडिया से बात करते हुए पूर्व दर्जाधारी रहे शाह ने कहा कि वह राज्य आंदोलनकारी रहे हैं और पिछले 21 साल से कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहे हैं। आज कुछ लोगों ने उन पर बेवजह के आरोप लगाकर हमला कर दिया।

राजेंद्र शाह ने कहा कि हरीश रावत के नाम पर कुछ लोग पार्टी को बदनाम कर रहे हैं, वातावरण खराब कर रहे हैं। उन्होंने कभी हरीश रावत या किसी और के लिए कोई अपशब्द नहीं कहे।

इधर, इस मामले में महामंत्री संगठन मथुरादत्त जोशी ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा यदि इस मामले में कोई हरीश रावत का नाम घसीट रहा है तो यह सरासर गलत है।

### पुलिस से शिकायत दर्ज नहीं कराई

घटना के बाद प्रदेश महामंत्री राजेंद्र शाह ने कहा कि उन्होंने इस मामले में पुलिस से शिकायत दर्ज नहीं कराई है। राजेंद्र शाह ने कहा कि पहले वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बात करेंगे। सभी बड़े नेताओं के दिल्ली में बैठक में व्यस्त होने की वजह से उनकी बात नहीं हो पाई थी।

# उत्तराखंड में कोरोना के मिले 27 नए मामले

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में बीते 24 घंटे में 27 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं, जबकि 14 मरीज स्वस्थ हुए हैं। 233 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। अब तक प्रदेश में 344724 लोग संक्रमित हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक नौ जिलों में 27 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग में एक–एक, देहरादून में आठ, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में पांच–पांच, पौड़ी में तीन व टिहरी जिले में दो नए संक्रमित मिले हैं।

बीते 24 घंटे में 14 मरीजों को ठीक होने के बाद घर भेजा गया है। इन्हें मिलाकर अब तक 330886 कोरोना संक्रमित स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश में फिलहाल 233 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों को देखते हुए टिहरी जिले के भिलंगना क्षेत्र के गोपाल सिंह ने प्रदेश में चुनावी जन सभाएं और धार्मिक आयोजनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। मुख्य न्यायाधीश नैनीताल को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि देशभर में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। कई जगह चुनावी रैली, जनसभा और धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जहां पर शारीरिक दूरी का पालन नहीं किया जा रहा है। जिससे कोरोना संक्रमण बढ़ने की संभावनाएं बढ़ती जा रही है। पर्वतीय क्षेत्र के अस्पतालों में समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में चुनावी रैली और धार्मिक आयोजनों को फिलहाल प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक है।

मुख्य न्यायाधीश से कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रदेश सरकार को चुनावी रैली और धार्मिक आयोजनों को प्रतिबंधित लगाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने की मांग की है।

### अलर्ट

■233 सक्रिय मरीजों का चल रहा इलाज

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कदम–कदम बढ़ाए जा, कांग्रेस के गीत गाए जा

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस में चल रहे विवाद के बीच पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राहुल गांधी के आवास पर उत्तराखंड कांग्रेस के नेताओं और पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद रावत ने कहा कि मैं उत्तराखंड में चुनाव अभियान का चेहरा रहूंगा। उन्होंने कहा, कदम–कदम बढ़ाए जा, कांग्रेस के गीत गाए जा... मैं उत्तराखंड में चुनाव अभियान का चेहरा रहूंगा। दिल्ली में बैठक के बाद हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के पास हमेशा ये विशेषाधिकार रहा है कि चुनाव के बाद पार्टी बैठती है, कांग्रेस अध्यक्ष को नेता के संबंध में अपनी राय देते हैं और कांग्रेस अध्यक्ष नेता तय करती हैं। कैंपेन कमेटी के चेयरमैन के रूप में मैं चुनाव का नेतृत्व करूंगा।

अपने इस विवादित ट्वीट में लिखा था, है न अजीब बात, चुनाव रूपी समुद्र को तैरना है, सहयोग के लिए संगठन का ढांचा अधिकांश स्थानों पर सहयोग का हाथ आगे बड़ाने के बजाय या तो मुंह फेर करके खड़ा हो जा रहा है या नकारात्मक भूमिका निभा रहा है।

### हरीश रावत होंगे चुनाव अभियान में कांग्रेस का चेहरा